University in News on 18 August 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

i-NEXT PAGE 2

आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की होगी जांच

एलयू ऐसे सभी छात्रों के असाइनमेंट और क्लास में उपस्थिति की जांच करेगा

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (17 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन अब सभी डिग्री कॉलेजों में विभिन्न कोर्सेज में आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया की जांच करने की तैयारी कर रहा है. यूनिवर्सिटी प्रशासन आंतरिक मूल्यांकन में 22 से अधिक नंबर पाने वाले सभी छात्रों के मूल्यांकन की प्रक्रिया और उनके असाइनमेंट की जांच करेगा. ज्ञात हो कि बीते साल शासन ने लखनऊ यूनिवर्सिटी का दायरा बढ़ाते हुए चार जिलों को इसे जोड़ा था. जिसके बाद इन जिलों के करीब 354 डिग्री कॉलेज एलयू से जुड़ गए. एलयू ने दिसंबर 2021 से इन जिलों में यूजी और पीजी कोर्सेज के ऑड सेमेस्टर का एग्जाम आयोजित किया था. अब उन सभी कोर्सेज के रिजल्ट जारी हो रहे हैं. इसके लिए एलयू प्रशासन टीम का गठन कर कॉलेजों के सभी आंतरिक मूल्यांकन सिस्टम की जांच करेगा. आंतरिक मूल्यांकन 25 अंकों का होता है, सत्यापन में वे कॉलेज मुख्य रूप से राडर पर होंगे जिन कॉलेजों के छात्रों को पूरे-पूरे अंक दिए गए हैं या 22 से अधिक अंक दिए गए हैं. इसमें लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली में एलयू से सम्बद्ध 545 डिग्री कॉलेज हैं.

असाइनमेंट और उपस्थिति की होगी प्रॉपर जांच

एलयू के नियमानुसार आंतरिक मूल्यांकन में कॉलेज छात्रों को असाइनमेंट, प्रेजेंटेशन और अटेंडेंस के आधार पर 25 नंबर पर मूल्यांकन करना होता है. लखनऊ सहित सभी जुड़े चारों नए जिलों में छात्रों को लगभग एक समान या फिर पूरे-पूरे नंबर छात्रों को दिया गया है. जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अब ऐसे छात्रों का असाइनमेंट फाइल और उपस्थिति की पड़ताल टीम के द्वारा कराया जाएगा. जानकारी के अनुसार यदि दिए गए अंक की पुष्टि फाइल और छात्र की उपस्थिति करता है तो ठीक तो नहीं ऐसे में उस कॉलेज पर कार्रवाई की जाएगी.

दिए हैं ज्यादा अंक

विषम सेमेस्टर के अभी तक जारी परिणामों में यूजी के बीए, बीएससी और बीकॉम के आंतरिक मूल्यांकन में बाहरी जिलों के कई कॉलेजों ने खूब नंबर बांटे हैं. सूत्रों की माने तो हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के संबद्ध कुछ कॉलेजों पर गलत तरह से नंबर दिए जाने का आरोप है. इसके साथ ही जिन कॉलेजों में नकलची पकड़े गए है और परीक्षा के दौरान सीसीटीवी खराब पाए गए थे. उन कॉलेजों पर विशेष निगरानी की जा रही है.

"आंतरिक मूल्यांकन में अधिक अंक देने वाले कॉलेजों की जांच की जाएगी ताकि कॉलेजों में परीक्षा की सुचिता को बनाया जा सके. कई कॉलेजों में गड़बड़ी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं. **प्रो. आलोक कुमार राय**, वीसी, एलयू

एलयू की 19 अगस्त की परीक्षाएं स्थगित

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी में 19 अगस्त को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है. ये फैसला 19 अगस्त को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से लिया गया है. पूर्व में 18 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश किया गया था, लेकिन शासन द्वारा अवकाश 19 अगस्त किए जाने पर यूनिवर्सिटी ने सभी परीक्षाओं को स्थगित करने के साथ ही नई तारीखों की घोषणा कर दी है.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि ने कल होने वाले 38 विषयों की परीक्षा तिथि बदली

माई सिटी रिपोर्टर

जन्माष्टमी के अवकाश की तारीख बदलने के बाद लिया गया फैसला

लखनऊ। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश की तिथि बदले जाने के कारण लखनऊ विश्वविद्यालय ने 38 विषयों की परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। लविवि ने इस बदलाव की सूचना छात्रों, शिक्षकों और सहयुक्त कॉलेजों को दे दी है। इन सभी विषयों की परीक्षा 19 अगस्त को प्रस्तावित थी, जो अब अलग तिथियों पर होगी।

परीक्षा नियंत्रक वीएन त्रिपाठी ने बताया कि बीटीएस चतुर्थ की अब 29 अगस्त को, एमए व एमएससी मैथमेटिक्स चतुर्थ की 22 को, एमएससी बायोकेमिस्ट्री एवं बायोटेकभनोलॉजी द्वितीय की परीक्षा 31 अगस्त को होगी। एमएससी एप्लाईड जियोलॉजी द्वितीय की 31 को, एमएससी फिजिक्स चतुर्थ की 27 को, एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन चतुर्थ की 27 को, एमएससी जियोलॉजी चतुर्थ की 26 को, एमएससी प्लांट साइंस चतुर्थ की परीक्षा 24 अगस्त को होगी। एमएसी बॉटनी चतुर्थ की परीक्षा 24 को, एमबीए फाइनेंस व अकाउंट द्वितीय की 31 को, एमए सोशियोलॉजी चतुर्थ की 29 को, बीए ऑनर्स पॉलीटिकल साइंस छठे की 20 को, एमए साइकोलॉजी चतुर्थ की 24 को होगी। बीए ऑनर्स साइकोलॉजी छठे की 29 को, एमए पर्शियन चतुर्थ की 27 को, एमए संस्कृत चतुर्थ की 29 को, एमए एजुकेशन चतुर्थ की 26 को, एमए एआईएच चतुर्थ की 26 को, बीए ऑनर्स एआईएच चतुर्थ की 29 को होगी। एमए इकोनॉमिक्स चतुर्थ की 26 को, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स चतुर्थ की 31 को, एमएड चतुर्थ की 26 को, एमए उर्दू चतुर्थ की 29 को, एमए लिंग्विस्टिक चतुर्थ की 22 को, बीए ऑनर्स इंग्लिश चतुर्थ की 26 को, एमए इंग्लिश चतुर्थ की परीक्षा 22 अगस्त को होगी।

एमए जेएमसी चतुर्थ 20 को, बीए ऑनर्स हिंदी चतुर्थ 29 को, एमए ज्योतिर्विज्ञान चतुर्थ की 26 को, एमए जियोग्राफी चतुर्थ की परीक्षा 24 अगस्त को होगी। बीएससी जियोलॉजी चतुर्थ की परीक्षा 22 अगस्त को, बीए व बीएससी मैथमेटिक्स छठे की 31 को, बीएससी होम साइंस चतुर्थ की 25 को, बीएससी होम साइंस छठे की 25 को और बीकॉम चतुर्थ की परीक्षा अब 27 अगस्त को होगी। इसी तरह बीए पॉलिटिकल साइंस, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन चतुर्थ और बीए एआईएच, एमएआईएच, एशियन कल्चर अरब कल्चर अरेबिक छठे की परीक्षा सात सितंबर को होगी।

लविवि ने कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम किया जारी

विश्वविद्यालय प्रशासन ने वेबसाइट पर अपलोड किया पूरा कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। लविवि की वेबसाइट पर इसका पूरा विवरण अपलोड किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार बीवीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से, बीवीए छठे व आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 27 तो एमवीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 22 अगस्त से शुरू होगी।

बीएफए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से, छठे सेमेस्टर की 27 अगस्त से शुरू होगी। वहीं बीपीए दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 26 अगस्त से शुरू होगी। एमपीए दूसरे सेमेस्टर की 27 तो चौथे सेमेस्टर की परीक्षा चार सितंबर से शुरू होगी। एमए एमएससी स्टैटिस्टिक्स दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व एग्जेंप्टेड की 22 और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 23 अगस्त से शुरू होगी।



आईटी कॉलेज में मेरिट लिस्ट 19 को

आईटी कॉलेज के यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट 19 अगस्त को जारी की जाएगी। छात्र मेरिट लिस्ट कॉलेज की वेबसाइट से देख सकते हैं। इसके साथ ही काउंसलिंग शेड्यूल भी जारी कर दिया जाएगा। प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 20 अगस्त से शुरू होगी। छात्रों को भी इसकी सूचना दे दी जाएगी।

राजर्षि टंडन में प्रवेश परीक्षा 27 को

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में एमबीए, एमएससी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 27 अगस्त को होगी। लखनऊ केंद्र की क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. नीरांजली सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 20 अगस्त निर्धारित है। छात्र 20 अगस्त तक शुल्क व ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं। जबकि प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट दो सितंबर को वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: परीक्षा मूल्यांकन का सत्यापन होगा

■ जावेद मुस्तफा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध सभी डिग्री कॉलेजों में हाल ही में जारी परिणाम का सत्यापन करने का निर्णय लिया है। विषय सेमेस्टर दिसम्बर 2021 की परीक्षाएं स्नातक स्तर पर पांच जिलों एवं परास्नातक की परीक्षाएं लखनऊ के कॉलेजों में हुई थीं। जिसके परिणाम जारी हो रहे हैं। आन्तरिक मूल्यांकन के अंक भी जुड़े हैं।

एलयू की विशेषज्ञों की टीम आन्तरिक मूल्यांकन में मिले अधिक अंकों का सत्यापन करेगी। आन्तरिक मूल्यांकन 25 अंकों का होता है। सत्यापन में वे कॉलेज राडार पर होंगे जिनके छात्रों को पूरे-पूरे या आसपास अंक दिए हैं। जांच प्रक्रिया जून 2022 सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में भी जारी रहेगी।

विषम सेमेस्टर के परिणामों में स्नातक के आन्तरिक मूल्यांकन में बाहरी जिलों के कई कॉलेजों ने खूब नम्बर बांटे हैं। सूत्रों की मानें तो हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के सम्बद्ध कुछ कॉलेजों पर गलत तरह से नम्बर दिए जाने का आरोप है। इस मामले में कुलपति आलोक कुमार राय का कहना है कि आन्तरिक मूल्यांकन में अधिक अंक देने वाले कॉलेजों की जांच की जाएगी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जांच जरूरी है।

काउंसलिंग में बीए की सीटें पहले भर रहीं

शहर के आधा दर्जन से अधिक डिग्री कॉलेजों में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर स्नातक में प्रवेश शुरू हो गए हैं। मुमताज डिग्री कॉलेज में अभी पचास फीसदी प्रतिशत अंक वाले छात्रों को बीए, बीएससी और बीकॉम में सीधे प्रवेश देना शुरू किया है। वहीं कालीचरण और केकेवी कॉलेज में न्यूनतम अंक अर्हता रखने वाले छात्रों को प्रवेश देना शुरू कर दिया है। आईटी और सुभाष कॉलेज में 18 अगस्त को प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा।

एलयू: कल की सभी परीक्षाएं स्थगित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 19 अगस्त को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। ये फैसला 19 अगस्त को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से लिया गया है। 19 को एमएससी, एम, बीए आनर्स, बीटीए, बीकॉम की चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं थीं जो अब नई तिथियों पर होंगी। नई तारीखें एलयू की वेबसाइट पर हैं।

छात्रों की आपत्ति के बाद बदल दीं सभी मार्कशीट

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत बीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 14 अगस्त को जारी किया गया था। जिसके बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के बावजूद अनुपस्थित एवं को-करिकुलर विषय बदलने की शिकायत 16 अगस्त को की थी।

एलयू ने 24 घंटे में समस्याओं का समाधान किया। जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी और अनुपस्थित थे उनकी जांच कराकर सही मार्कशीट अपलोड की। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने कहा कि छात्रहित में सुधार किया।

परीक्षा नियमों में बदलावः एनईपी का नया आर्डिनेंस सभी कॉलेजों को भेजा है। जिसमें बताया है कि छात्र-छात्राएं किस आधार उत्तीर्ण होंगी। नए नियम के अनुसार यदि छात्र एक्सटर्नल और इंटरनल दोनों में मिलाकर 33 फीसदी अंक लाता है तो वह सेमेस्टर परीक्षा में पास होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

22 से एमवीए, 24 से बीवीए की परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट से करें डाउनलोड

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मास्टर आफ विजुअल आर्ट (एमवीए), बैचलर आफ विजुअल आर्ट (बीवीए) और बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) सहित विभिन्न विषयों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। एमवीए (एमए, सीए एंड स्कल्पचर) चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 24 अगस्त तक होंगी। वहीं, बीवीए और बीएफए की परीक्षाएं 24 से 29 अगस्त तक संचालित होंगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

ये हैं परीक्षाओं की तिथियां : बीवीए फाइन आर्ट चौथे सेमेस्टर, बीवीए (सीए) चौथे सेमेस्टर, बीवीए स्कल्पचर चौथे सेमेस्टर, बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन चौथे सेमेस्टर : 24 से 26 अगस्त, बीवीए फाइन आर्ट छठे सेमेस्टर, बीवीए (सीए) छठे सेमेस्टर, बीवीए स्कल्पचर चौथे सेमेस्टर, बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन चौथे सेमेस्टर, बीवीए फाइन आर्ट आठवें सेमेस्टर, बीवीए (सीए) सातवें सेमेस्टर, बीवीए स्कल्पचर आठवें सेमेस्टर 27 से 29 अगस्त तक। एमवीए (एमए, सीए एंड स्कल्पचर)-चौथे सेमेस्टर 22 से 24 अगस्त, लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीपीए द्वितीय व चौथे सेमेस्टर (वोकल), 26 व 27 अगस्त, बीपीए छठे और आठवें सेमेस्टर (वोकल) की परीक्षाएं 26 से 29, बीपीए द्वितीय और छठे सेमेस्टर कथक डांस, बीपीए द्वितीय सेमेस्टर तबला, 26 से 29 अगस्त, एमपीए द्वितीय, चौथे सेमेस्टर कथक डांस और एमपीए द्वितीय, चौथे सेमेस्टर वोकल की परीक्षाएं 27 से 29 तक होंगी।

आठ को बीए शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए चौथे और छठे सेमेस्टर सत्र 2021-22 के जिन छात्रों के पास शारीरिक शिक्षा विषय है। उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा आठ सितंबर को छत्रपति शिवाजी मैदान में होंगी। कोआर्डिनेटर डा. शशि कनौजिया की ओर से जारी नोटिस के अनुसार बीए चौथे और छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सुबह छह बजे निर्धारित तिथि व स्थान पर किट तथा फाइल के साथ उपस्थित होना होगा।

एमए अंग्रेजी की वाइवा परीक्षा 24 से 26 अगस्त को : लखनऊ विश्वविद्यालय एमए अंग्रेजी चौथे सेमेस्टर की वाइवा परीक्षा 24, 25 व 26 अगस्त को कराएगा। इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

सांख्यिकी की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 अगस्त को : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी छठे सेमेस्टर सांख्यिकी की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद परवेज सिद्दीकी ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया है। प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को सांख्यिकी विभाग में उपस्थित होना होगा।

पीएचडी हास्टल के लिए अब 20 तक आवेदन : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी छात्रों को हास्टल की सुविधा के लिए 20 अगस्त तक आवेदन करने का मौका दे दिया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने इसका नोटिस वेबसाइट पर जारी किया है। आवेदन की प्रक्रिया छह से 13 अगस्त तक थी। इसे बढ़ा दिया गया है।

भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए जल्द आएगी मेरिट : ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती (केएमसी) विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। बीटेक, एमटेक, एमबीए और एमसीए में प्रवेश के लिए आंतरिक परीक्षा हो चुकी है। जल्द ही इसका रिजल्ट घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर बीए, बीकाम, बीबीए, बीएजेएमसी, बीसीए, बीएससी होम साइंस, बीएससी ज्योग्राफी आदि पाठ्यक्रमों में 12वीं के अंक के आधार पर प्रवेश होंगे। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी जल्द ही मेरिट लिस्ट जारी होने वाली है।

परीक्षाएं स्थगित, नई तिथि जारी

शासन के आदेश पर जन्माष्टमी के अवकाश की तिथि में बदलाव की वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय ने लिया निर्णय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शासन की ओर से 19 अगस्त को जन्माष्टमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के बाद उस दिन की अपनी सभी सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। साथ ही उन परीक्षाओं की नई तिथियां भी जारी कर दी। परीक्षा के स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन परीक्षाओं की नई तिथियां वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। दरअसल, लवि में पहले 18 अगस्त को जन्माष्टमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित था। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने बीए, बीए आनर्स, बीएससी, एमए, एमएससी व एमबीए आदि के अलग-अलग विषय की परीक्षाओं की तिथि तय कर दी थी। बुधवार को शासन ने 18 की जगह जन्माष्टमी का अवकाश 19 अगस्त को घोषित कर दिया। इसके बाद उस दिन की परीक्षाओं को लेकर कालेजों के प्राचार्य और विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से संपर्क करना शुरू किया। आखिरकार बुधवार को शाम को विश्वविद्यालय प्रशासन ने 19 अगस्त को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर नई तिथियां जारी कर दीं, जिसके बाद विद्यार्थियों और कालेजों को राहत मिली।

नेशनल कालेज में छात्र-छात्राओं को दिए गए प्रशस्ति पत्र

जासं, लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज में आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक सप्ताह तक हुए कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को बुधवार को प्रशस्ति पत्र दिया गया। कालेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज : 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत कालेज में 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा' अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम हुए। बुधवार को अंतिम दिन छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। 'झंडा गीत' का गायन भी किया गया। प्राचार्या प्रो. सारिका दुबे, समन्वयक डा. शालिनी द्वारा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

केकेसी में हुई समूह परिचर्चा : श्री जय नारायण मिश्र पीजी में बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच 'स्वतंत्रता के 75 वर्ष' विषय पर समूह परिचर्चा हुई। इसमें विद्यार्थियों ने विशाल भारत के विश्व में बढ़ते हुए प्रभाव एवं आबादी के गुणवत्तापूर्ण जीवन स्तर जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. मीता साह, डा. समन खान, डा. शिवानी शर्मा, डा. पायल गुप्ता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

मानक के अनुसार कोर्स में शिक्षक नहीं तो नए सत्र में प्रवेश प्रतिबंधित

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजना के तहत संचालित कोर्सों के लिए जारी किए निर्देश

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त महाविद्यालयों में सेल्फ फाइनेंस योजना के तहत संचालित कोर्सों के संचालन के नियमों के अनुपालन में सख्ती कर दी है। जिन कालेजों ने स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में मानक के अनुसार शिक्षकों का अनुमोदन लेने के बाद भी अब तक नियुक्ति नहीं की है, ऐसे कालेजों को 31 अगस्त तक मौका दिया गया है। नियुक्ति न करने पर ऐसे कोर्सों में सत्र 2022-23 में प्रवेश स्वतः प्रतिबंधित रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने कालेजों को निर्देश जारी किए हैं।

लवि से राजधानी सहित हरदोई, लखीम्पुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली मिलाकर 545 कालेज जुड़े हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या प्राइवेट डिग्री कालेजों की है। विश्वविद्यालय के मुताबिक काफी कालेजों ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्ववित्तपोषित योजना के तहत मानक के अनुसार शिक्षकों का अनुमोदन ले लिया। लेकिन अभी तक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की है। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें मानक के अनुसार शिक्षक अनुमोदित एवं कार्यरत नहीं हैं, कालेजों को 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय द्वारा नामित विषय विशेषज्ञों से अनुमोदन लेकर नियुक्ति की कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा नए सत्र से शिक्षकों के अभाव में यदि प्रवेश लिए गए हैं तो उन विद्यार्थियों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय नहीं कराएगा। इसके लिए कालेज स्वयं जिम्मेदार होंगे।

छात्रों के नतीजे सुधरे

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से जारी बीए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में हुई गड़बड़ी को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को सरदार भगत सिंह कालेज आफ हायर एजुकेशन सहित कई कालेज के कई विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन में अंक दिखने लगे। हालांकि अभी काफी छात्र-छात्राओं के परिणाम में सुधार नहीं हो पाया है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय समस्या का जल्द समाधान करे। (जासं)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि की 19 की सभी परीक्षाएं स्थगित : लखनऊ विश्वविद्यालय में 19 अगस्त को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। यह फैसला 19 अगस्त को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से लिया गया है। पूर्व में 18 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश किया गया था लेकिन शासन द्वारा अवकाश 19 अगस्त किए जाने पर विश्वविद्यालय ने सभी परीक्षाओं को स्थगित करने के साथ ही नई तारीखों की घोषणा कर दी है।

आपत्ति के बाद बदल दी सभी मार्कशीट : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत बीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 14 अगस्त को जारी किया गया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के बावजूद अनुपस्थित एवं को-करिकुलर विषय बदलने की शिकायत 16 अगस्त को की थी। विश्वविद्यालय ने 24 घंटे में समस्याओं का समाधान किया, जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी और वे अनुपस्थित थे, उनकी जांच करायी गई और अपडेट मार्कशीट अपलोड की गई।